राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से एनबीटी के निदेशक ने की मुलाकात

संवैधानिक जागरूकता के बारे में ट्रस्ट के प्रयासों की जानकारी दी

जयपुर, 25 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक श्री युवराज मलिक ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र को श्री मलिक ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास से प्रकाशित पुस्तकों का सैट भी भेंट किया। राज्यपाल श्री मिश्र द्वारा संविधान संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा संविधान उद्देशिका और मूल कर्तव्यों से संबधित बच्चों की एक पुस्तक भी शीघ्र ही प्रकाशित होगी।

श्री मलिक ने आजादी के अमृत महोत्सव के संदर्भ में भारतीय संविधान और आदर्श जीवन मूल्यों से जुड़ी पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने के सबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को 'प्रधानमंत्री युवा योजना' के अंतर्गत युवा लेखकों के प्रोत्साहन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

श्री मलिक ने बताया कि न्यास ने युवा पाठकों को पुस्तकों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, इसी संदर्भ में आने वाले दिनों मे नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा राजस्थान में भी पुस्तक मेला आयोजित करना प्रस्तावित है।

राज्यपाल से क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 25 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्रीमती नीतू भगोतिया ने शुक्रवार को यहां राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी ।

राज्यपाल को श्रीमती भगोतिया ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रकाशित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की पत्रिका 'मरुधरा' के विशेष अंक की प्रति भेंट की।